बहराइच: पुलिस ने भारी मात्रा में नकली मिठाई और खोया किया बरामद, वाहन जांच में मिला यह सामान, कराया नष्ट

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार। पयागपुर थाना क्षेत्र के चौकी खुटेहना के पास भारी मात्रा में नकली/मिलावटी खाद्य पदार्थ मिठाई पनीर खोया पुलिस ने बरामद किया है। बरामद सामान को सीज कर पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला लखनऊ भेजा है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पयागपुर पुलिस बहराइच गोंडा मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। पयागपुर पुलिस को सूचना मिली कि पयागपुर क्षेत्र में भारी मात्रा में नकली मिठाई की सप्लाई की जा रही है। सूचना के आधार पर बैरियर लगा कर चेकिंग कर पिकअप वाहन नंबर UP47 टी 4066 को रोक कर चेक किया। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि वाहन में 15 केजी के 110 डिब्बों में करीब 17 क्विंटल नकली सफेद छेना, काला जाम, खोया व पनीर बरामद हुआ।

बरामदगी पर थानाध्यक्ष द्वारा असिस्टेंट कमिश्नर खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचना दी गयी जो मौके पर अपनी टीम के साथ पहुंचे व बरामद माल से सैंपल एकत्र कर बरामद माल बिल बाउचर आदि की अनियमितता के चलते उक्त बरामद माल को नकली घोषित करते हुए नष्टीकरण कराया। इसके उपरांत वाहन चालक से कड़ाई से पूछ ताछ पर उसके द्वारा बताया गया कि गनेश श्रीवास्तव (माही स्वीट्स हाउस) व शिवम स्वीट चिलावरिया के यहां भारी मात्रा में नकली मिठाईयां व पनीर आदि मौजूद है।

Source: https://www.amritvichar.com/article/452702/bahraich-police-recovered-huge-quantity-of-fake-sweets-and-khoya#gsc.tab=0